Library

School of Planning and Architecture, Bhopal

S.No.03 November,2022

पत्रिका	20/11/2022	पेज क्र 1

कोविड के बाद पहली बार भौतिक रूप में किया गया आयोजन

योजना और वास्तुकला विद्यालय के दीक्षांत समारोह में नौ छात्रों को मिला स्वर्ण पदक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. योजना एवं वास्तुकला विद्यालय (एसपीए) का 9वां दीक्षांत समारोह शनिवार को आयोजित किया गया।

कोविड- 19 के बाद पहली बार यह कार्यक्रम भौतिक रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव आईएएस दुर्गा शंकर मिश्रा रहे। दीक्षांत में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। इसी के साथ 2 उत्कृष्टता पदक, 9 प्रवीणता स्वर्ण पदक, 1 प्रवीणता प्रमाणपत्र, 9 बेस्ट थीसिस अवार्ड, 2 थीसिस के लिए प्रशंसा का प्रमाण पत्र भी प्रदान किए।

दीक्षांत अभिभाषण में आईएएस दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा कि विद्यालय में वेदों, समरांगणसूत्रधार और प्राचीन ग्रंथों में वर्णित भारत के पारंपरिक ज्ञान और सांस्कृतिक प्रणालियों का चयन करना चाहिए। हालांकि, यह वास्तुकला, योजना और डिजाइन के क्षेत्र में उत्कृष्टता केंद्र के रूप में कार्य कर रहा है। जैसा कि यह भारत के मध्य में स्थित है और उज्जैनी मालवा, महाकौशल, बुंदेलखंड विदर्भ और रेवांचल के सांस्कृतिक क्षेत्रों से घिरा हुआ है, यह क्षेत्र गंगा के मैदान के दक्षिण और नर्मदा घाटी के उत्तर में स्थित होने के कारण विशेष महत्व का है। एसपीए भोपाल एनईपी. 2020 के उद्देश्यों को प्राप्त करने में भी बड़ी भूमिका निभा सकता है।

दीक्षांत समारोह में निदेशक प्रो. चंद्र चारू त्रिपाठी ने विगत वर्ष में हुई एसपीए भोपाल की गतिविधियों और उपलब्धियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा की एसपीए भोपाल वर्तमान में 40 से अधिक अनुसंधान और परामर्श परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है। साथ ही संस्थान के कुछ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के साथ समझौते (एमओयू) हुए हैं।